सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक दिवस मनाया

अभिभावकों ने बच्चों के साथ खेले खेल

अजमेर। पंचशील नगर स्थित सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को अभिभावक दिवस मनाया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। कार्यक्रम की थीम रिस्पेक्ट (सम्मान) रखी गई। जिसके अन्तर्गत बच्चों ने सम्मान, आदर, कर्तव्यों जैसे मूल्यों को अपनी कला से सीखा और समझाया। बच्चों के साथ साथ अभिभावकों के लिए पूरे दिन की रुपरेखा तैयार की गई थी।

इस कड़ी में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ मिलकर प्रार्थना प्रस्तुत की। तत्पश्चात बच्चों के साथ अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए अभिभावकों ने खेलकूद से लेकर सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नन्हे कलाकारों ने अंग्रेजी नाटक के माध्यम से सभी को अपने कर्त्तव्यों व अधिकारों के विषय में बताया। शिक्षकों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से उपस्थित जन के सामान्य ज्ञान को परखा और पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। योगाभ्यास द्वारा सभी को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। विद्यार्थियों व अभिभावकों द्वारा समूह गान, नृत्य व कविता पाठ की सुन्दर प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने विद्यालय की शिक्षण प्रक्रिया के विषय से अवगत कराया व अध्यापकों की खेल-खेल में विद्यार्थियों को शिक्षण कराने की प्रक्रिया को समझाया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य न केवल बच्चों बल्कि अभिभावकों को भी विद्यालय के वातावरण से सहज बनाना था। कार्यक्रम में अपने बच्चों के साथ प्रस्तुति कर सभी अभिभावकों ने प्रसन्नता का अनुभव किया।

सतगुरु स्कूल में मनाया अभिभावक दिवस

अजमेर @ पत्रिका. पंचशील नगर स्थित सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में पहली और दूसरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अभिभावक दिवस मनाया। कार्यक्रम की थीम रिस्पेक्ट रखी गई। बच्चों ने सम्मान, आदर, कर्त्तव्यों जैसे मूल्यों को सीखा और समझाया।

बच्चों के साथ परिजन ने भी खेलकूद और सह शैक्षिक गतिविधियों में हिस्सा लिया। नौनिहालों ने अंग्रेजी नाटक में कर्त्तव्यों व अधिकारों की जानकारी दी। प्रश्नोत्तरी से सामान्य ज्ञान को परखा गया। योगाभ्यास में स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए। विद्यार्थियों व अभिभावकों ने समूहगान, नृत्य व कविता पाठ की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य जी. के. मिश्रा ने शिक्षण प्रक्रिया, खेल-खेल में नवाचार व अन्य पद्धतियों की जानकारी दी। अभिभावकों ने भी रचनात्मक पहल में हिस्सा लेकर सह शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को सकारात्मक पहल बताया।